# समाचार
# सम्पत्तिकर बकायादारों की कुर्क की गई सम्पत्ति
## (13 एवं 14 अप्रैल को होगी सम्पत्ति की नीलामी)

कोरबा 29 मार्च 2016 –निगम द्वारा सम्पत्तिकर की राशि जमा नहीं करने वाले बकायादारों के खिलाफ कड़ा रूख अख्तियार करते हुए दर्री जोन के 12 बकायादारों के मकानों की कुर्की की गई है, इन कुर्क किए गए भवनों की नीलामी आगामी 13 एवं 14 अप्रैल 2016 को की जाएगी।

नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन के जोन कमिश्नर श्री आर.के. चौबे ने बताया कि आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशों के तहत सम्पत्तिकर की राशि जमा नहीं करने वाले बकायादारों के विरूद्ध नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही की गई है, इस कड़ी में दर्री जोन के 12 बकायादारों के मकानों को कुर्क किया गया है। उन्होने बताया कि करदाता भगवान सिंह एच.आई.जी. 21 वार्ड क्र. 51 सरदार पटेल नगर, जयंतलाल एच.आई.जी. 22 वार्ड क्र. 51 सरदार पटेल नगर, संत मसीह एच.आई.जी. 29 वार्ड क्र. 51 सरदार पटेल नगर, महेश कुमार जोशी एम. आई.जी. 06 वार्ड क्र. 51 सरदार पटेल नगर, पी.लता एच.आई.जी. 35 वार्ड क्र. 51 सरदार पटेल नगर, एस.एन.ब्रम्ह भट्ट एच.आई.जी. 39 वार्ड क्र. 51 सरदार पटेल नगर, मोहम्मद अली एच.आई.जी. 31 वार्ड क्र. 51 सरदार पटेल नगर, विनोद कुमार अग्रवाल एच.आई.जी. 34 वार्ड क्र. 51 सरदार पटेल नगर, धनेश्वर प्रसाद निराला 116 वार्ड क्र. 42 रूमगरा, राजेन्द्र प्रसाद एम.आई.जी. 129 वार्ड क्र. 51 पटेलनगर , सतेन्द्र साहू 84/1 वार्ड क्र. 47 गोपालपुर एवं सावित्री जी, शारदा जी, गिरजा एवं मोहन प्रसाद एच.आई.जी. 05 वार्ड क्र. 51 सरदार पटेल नगर आदि के मकानों की कुर्की कर ली गई है, इन सभी बकायादारों पर कुल 03 लाख 36 हजार 983 रूपये की कर राशि बकाया है। श्री चौबे ने बताया कि उपरोक्तानुसार वार्ड क्र. 51 सरदार पटेलनगर के एच.आई.जी. 21, 22, 29, एम.आई.जी. 06 आदि मकानों की नीलामी 13 अप्रैल को होगी, जबकि शेष मकानों की नीलामी 14 अप्रैल को की जाएगी।

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित